Title: Need to provide additional financial assistance to Government of Rajasthan for providing relief to the people affected by drought in Banswara Parliamentary Constituency.

श्री ताराचन्द भगोरा (बांसवाड़ा) : महोदय, दक्षिण राजस्थान एक जनजाति बहूल क्षेत्र है। मेरा संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा इसी क्षेत्र में है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिला डूंगरपुर और बांसवाड़ा दोनों जिले आते हैं। दक्षिण राजस्थान इस समय भंयकर अकाल की चपेट में है। इस तरह का अकाल पिछले 100 वर्षों में भी कभी नहीं पड़ा है। आम लोगों के सामने पेयजल, खाद्यान्न और रोजगार की समस्या खड़ी हो गई है, पशुओं के लिए चारा नहीं है। जिस कारण मवेशी मर रहे हैं। गावों में कूवों तथा बाबड़ियां सूख गई हैं। सबसे बड़ी समस्या यह पैदा हो गई है कि भूमि का जलस्तर बहुत ही नीचे चला गया है, जिस कारण हैंड पम्प तथा ट्यूबवैल से भी पानी आना बन्द हो गया है। दक्षिण राजस्थान के सीमावर्ती राज्य गुजरात और मध्य प्रदेश में लोगों ने पलायन भी किया, परन्तु वहां भी भंयकर अकाल होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। चारों तरफ पेयजल, चारा और अनाज न मिलने के कारण त्राहि-त्राहि मची हुई है।

मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान सरकार को इस अकाल से निपटने के लिए जो राशि आप देने जा रहे हैं, उसमें और बढ़ोत्तरी करके ज्यादा से ज्यादा धनराशि इस अकाल से निपटने हेतु दी जाए।